First issue March-May 2026, Edition -1 Vol-04

# TJCM Govt. College Sujanpur Tihra

# Arjikuja Cascade

## MARCH-MAY 2026





**Trimonthly E-Newsletter of TJCM Govt. College Sujanpur Tihra,H.P.**



# Message of Principal

It gives me great pleasure to present this edition of our College E-Newsletter. This newsletter reflects the academic achievements, creative talents, and active participation of our students and staff throughout the year. It is a wonderful platform that highlights the spirit, energy, and progress of our college community.I sincerely appreciate the efforts of all the students, teachers, coordinators, and staff members who contributed to organizing various academic, cultural, sports, and social activities. Their hard work and dedication have made this publication meaningful and inspiring.Our students continue to make us proud through their enthusiasm for learning and their active involvement in different fields beyond academics. Such experiences help them grow into confident, responsible, and capable individuals ready to face future challenges.I would also like to congratulate the editorial team for their creativity and commitment in bringing together this newsletter so beautifully. Their teamwork and efforts deserve special appreciation.As we move ahead, let us continue to work together with honesty, discipline, and positivity to achieve greater success for our institution. I am confident that our college will continue to progress and our students will shine in every field.I wish all the readers an enjoyable and enriching experience and extend my best wishes to everyone for a bright and successful future.

Jai Hind

Dr. Vibha Thakur



सुजानपुर महाविद्यालय के संग बहती ब्यास की लहरों पर सजा इंद्रधनुष का ये मनमोहक नज़ारा,इतिहास और प्रकृति की गोद में बसे सुजानपुर शहर की सुंदरता को और भी अनुपम बना देता है। 08 अप्रैल 2026



THE ENTIRE COLLEGE FAMILY EXPRESSES ITS SINCERE THANKS AND HEARTFELT GRATITUDE TO PROF. JITENDER SINGH BHANWAL ON THE OCCASION OF HIS SUPERANNUATION FOR HIS DEDICATED SERVICE, INSPIRING GUIDANCE, AND VALUABLE CONTRIBUTION TO THE INSTITUTION OVER THE YEARS.






Dr. Mahavir Singh, Vice-Chancellor of Himachal Pradesh University, Shimla, visited the Government College in Sujanpur and interacted with the college staff.




The entire college family extends its heartfelt best wishes to Dr. Uma Devi on her transfer. Her dedication, sincerity, and valuable contribution to the Music Department will always be remembered with great respect and affection. We wish her continued success, happiness, and new achievements in all her future endeavours.




The Women's Grievances and Redressal Cell organized International Women's Day at Thakur Jagdev Chand Memorial Government College, Sujanpur, on March 9, 2026. Dr. Akula Sharma was the chief guest at the event.

















On 23-24 March 2026, an awareness programme was organised at Thakur Jagdev Chand Memorial College, Sujanpur Tira under the joint aegis of the Department of Commerce and Economics on the importance of statistics and under the Statistical Strengthening Assistance Scheme.








**Music Department proudly represented the college at the International Holi Festival by presenting a soulful and inspiring song on voter awareness.**




The renowned Suryakiran Aerobatic Team mesmerized the audience with a spectacular air show at Sujanpur Chaugan, and further added to the excitement by warmly interacting with college students, inspiring them through their experiences, discipline, and unwavering dedication towards serving the nation.








**On April 4, 2026, Government College, Sujanpur, successfully conducted an earthquake mock drill to raise awareness about earthquake safety and disaster management. The program was organized through the college's Geography Department and Disaster Management Committee. Principal Dr. Vibha Thakur stated that the program's primary objective was to reduce panic during disasters like earthquakes and to provide practical examples of safe evacuation procedures.**

Teachers from Government College, Sujanpur participated in an orientation program on the National Education Policy 2020. On April 29, 2026, teachers from Government College, Sujanpur participated en masse in an orientation program organized by Himachal Pradesh University on the curriculum and credit framework for undergraduate programs under the National Education Policy 2020.









Teaching and Non Teaching Staff photograph of Government College, Sujanpur. Session 2025-26.



## भूकंप सुरक्षा को लेकर सुजानपुर कॉलेज में मॉकड्रिल



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन**

सुजानपुर, 4 अप्रैल : स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में भूकंप से बचाव एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के भूगोल विभाग और आपदा प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान घबराहट को कम करना और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाना है। मॉकड्रिल प्रो. राजीव ठाकुर प्रभारी भूगोल विभाग, के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ को 1905 के कांगड़ा भूकंप सहित हिमाचल में भूकंप की संभावनाओं और सावधानियों के बारे में जानकारी दी। निर्धारित समय पर सायरन बजते ही सभी ने "ड्रॉप, कवर और होल्ड" तकनीक का अभ्यास किया और कंपन रुकने के बाद सुरक्षित रूप से खुले मैदान में एकत्रित हुए। इस दौरान आपदा प्रबंधन दल ने सभी कक्षाओं की जांच की तथा प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन भी किया गया।

## सुजानपुर कॉलेज में सांख्यिकी के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन (सुजानपुर) 23 मार्च** : ठाकुर जगदेव चन्द स्मारक महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सांख्यिकी के महत्व एवं सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण सहायता योजना के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्र म आयोजित किया गया। कार्यक्र म में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर से प्रो. कनिका मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने उपस्थित उप-प्राचार्य एवं कार्यशाला समन्वयक डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल, संयोजक डॉ. राजेश खरवाल, मुख्य वक्ता प्रो. कनिका तथा अन्य शिक्षकों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को सांख्यिकी के महत्व से अवगत कराया। मुख्य वक्ता प्रो. कनिका ने अपने संबोधन में सांख्यिकी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विषय मानव जीवन के प्रत्येक चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि दैनिक जीवन के लगभग हर कार्य में सांख्यिकी का प्रयोग होता है और समय के साथ इसमें निरंतर विकास हो रहा है। कार्यक्र म के अंत में डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल ने सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नारी सशक्तिकरण पर दिया जोर



सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर अकुला शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकोष्ठ के समन्वयक डाक्टर सुमन शर्मा के स्वागत संबोधन के साथ हुई। डा. जितेंद्र ठाकुर ने मुख्य अतिथि सहित सभी का कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. सपना राणा, प्रो बंदना सूद, प्रो. राजीव कुमार, डा. उमा देवी, प्रो. निर्मला, प्रो. उमा शर्मा, प्रो. अंजू राणा, प्रो. आशु महाजन, पुस्तकालय प्रभारी नीलम कुमारी, संतोष कुमारी, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक विनीता राणा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रश्नोत्तरी में शिवानी, दीक्षित और अर्पित प्रथम

### सांख्यिकी के महत्व एवं सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण पर कार्यशाला आयोजित

## सांख्यिकी रिसर्च एवं विज्ञान के महत्व बारे दी जानकारी



## समूह गान के माध्यम से जागरूक किए मतदाता

सुजानपुर (हमीरपुर)। राज्य स्तरीय होली मेला सुजानपुर में मतदाता जागरूकता के लिए तीसरी सांस्कृतिक संध्या में मतदाता जागरूकता के लिए समूह गान का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर के संगीत विभाग की छात्राओं ने समूह गान के माध्यम से वोट बनाने और लोकतंत्र में जागरूक होकर जनसहभागिता का संदेश दिया। नोडल अधिकारी स्वीप प्रोफेसर राजीव ठाकुर ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए महाविद्यालय की छात्राओं ने सराहनीय कार्य किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संवाद

# 35 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद डॉ. जितेंद्र ठाकुर सेवानिवृत्त



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 30 मई : शिक्षा क्षेत्र में लगभग 35 वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र ठाकुर शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपने शिक्षण कार्य की शुरुआत गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज कुल्लू से की थी तथा इसके बाद प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में अपनी सेवाएं दीं। समारोह में विधायक कैप्टन रंजीत सिंह तथा पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और डॉ. ठाकुर के योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# सुजानपुर कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से

**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 29 मईः स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से शुरू हो रही है। कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए के साथ एमए इंग्लिश व एमए अर्थशास्त्र में प्रवेश मिलेगा। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने बताया कि सुजानपुर कॉलेज को 'उत्कृष्ट महाविद्यालय' का दर्जा प्राप्त है। यहां विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन शिक्षण व्यवस्था और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में दाखिला लेकर भविष्य उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। अभिभावकों से भी समय पर प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की। प्रवेश संबंधी पूरी जानकारी वेबसाइट gcsu-janpur.ac.in पर उपलब्ध है। किसी भी जानकारी के लिए 7018775823, 8800132752 पर संपर्क करें।



**Dr. Vibha Thakur**
**Principal**
**cum Chief Editor**

# EDITORIAL BOARD



**Dr. Jitender Thakur**
**Advisor Editorial Board**



**Prof. Rajeev Thakur**
**Editor Arjikuja Cascade**



**Dr. Arvind Kumar**
**Member Editorial Board**



**Dr. Uma Devi**
**Member Editorial Board**